हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026



# घुमका नगर पंचायत चुनाव का बजा बिगुल..1 जून को मतदान, चार को परिणाम

## गठन के बाद पहली बार होंगे घुमका नपं के चुनाव, इसके साथ ही 25 पंच और 1 सरपंच के भी उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों और पंचायतों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस घोषणा के साथ ही राजनांदगांव जिले की नगर पंचायत घुमका के लिए चुनावी बिगुल बज गया है।

विशेष बात यह है कि परिशिष्ट-एक के अनुसार, घुमका में पहली बार आम निर्वाचन संपन्न कराए जाएंगे। यहां 11 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी, वहीं 1 जुन को मतदान एवं चार जुन को परिणाम सामने आएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, नगर पंचायत घुमका के कुल 15 वार्डों में पार्षद पदों के लिए आगामी एक जून को मतदान होगा। आयोग की सचिव शिखा राजपूत तिवारी द्वारा हस्ताक्षरित इस कार्यक्रम के लागू होते ही जिले में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। घुमका के साथ-साथ प्रदेश की तीन अन्य नई नगर पंचायतों में भी पहली बार आम चुनाव आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन ने निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन और नामांकन की प्रक्रिया के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 11 मई को विधिवत सूचना जारी की जाएगी। इधर जिले में चुनाव को लेकर अब तैयारियां शुरु कर दी जाएंगी।

### यह है चुनावी कार्यक्रम

निर्वाचन सूचना का प्रकाशन 11 मई सोमवार को सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। जिसके बाद नामांकन प्राप्त करने की अवधि 11 मई से 18 मई तक तय की गई है। नामांकन जमा करने का अंतिम समय 18 मई दोपहर 3:00 बजे तक रहेगा। नामांकन पत्रों की जांच 19 मई सुबह 10:30 बजे से होगी। इसके बाद नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 मई की दोपहर 3:00 बजे तक तय की गई है। प्रतीक चिह्नों का आबंटन 21 मई नाम वापसी के तुरंत बाद किया जाएगा।




### चार को होगी मतगणना

वहीं घुमका नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पंद्रह वार्ड पार्षद चुनने के लिए मतदान की तिथि 01 जून सोमवार तय की गई है। मतदाता सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक अपना मतदान कर पाएंगे। जिसके बाद मतगणना एवं परिणाम घोषणा 04 जून को सुबह 9 बजे से होगी। राजनांदगांव जिले में नगरीय निकाय चुनाव के साथ-साथ त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर भी उप-निर्वाचन संपन्न होंगे, जिसके तहत जिले में 1 जनपद सदस्य, 1 सरपंच और 25 पंच पदों के लिए भी मतदान लिया जाएगा।

### पंचायतों में उपचुनाव

त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव के तह राजनांदगांव जनपद सदस्य एक, सरपंच एक और पंच पद के 25 रिक्त पदों के लिए चुनाव होगा। वहीं मोहला -मानपुर- चौकी जिले में पंच के रिक्त 12 पदों पर निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। इधर खैरागढ़-छुईखदान- गंडई जिले में पंच के चार रिक्त पदों पर चुनाव होगा। चुनाव कार्यक्रम के जारी होने के बाद तीनो जिलो के प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है।

## पुलिस टीम को देखकर भाग रहे थे आरोपी, फरार आरोपियों की तलाश

# नाला में डंप कर रखी थी एमपी की शराब, 450 पौवा के साथ 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाला के पास बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब डंप कर बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की 9 पेटी बरामद कर कार्रवाई की है। अंतर्राज्यीय शराब तस्करों पर बीते छह माह में यह 10वीं बड़ी कार्रवाई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में अंतर्राज्यीय शराब बिक्री एवं अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार 7 मई को पुलिस चौकी मोहारा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मोहारा निवासी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू उर्फ छोटा कट्टी द्वारा कोटरीछापर रोड स्थित मुढिया नाला के पास भारी मात्रा में अवैध शराब डंप कर बिक्री की जा रही है।

सूचना को गंभीरता से लेते वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर सुनियोजित कार्रवाई की गई।



### एएसपी, सीएसपी ने संभाली कमान

शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ की गई इस कार्रवाई में बताया गया कि अपने सूत्र से जानकारी मिलते ही एक स्पेशल टीम बनाई गई थी। जिसमें एएसपी कीर्तन राठौड़ और सीएसपी आईपीएस वैशाली जैन शामिल थे, जिन्होंने अन्य पुलिस अफसर एवं कर्मियों के साथ इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### आखिर आ कहां से रही दूसरे राज्यों से शराब

पिछले कुछ महीने में देखने को मिला है कि लगातार दूसरे राज्य की शराब पकड़ी जा रही है, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि आखिर यह शराब आ कौन से रास्ते से रही है, जब पुलिस महकमा और आबकारी विभाग यह दावा करते हैं कि जिले की सीमाओं पर निगरानी रखी जा रही है तो यह शराब किस रास्ते से आ रही है। वहीं अब तक देखने को मिला है कि शराब बेचने के लिए लाने वाले स्थानीय आरोपियों पर ही एक्शन हो रहा है। शराब उपलब्ध कराने वाले बचे हुए हैं।

### कार में मंगवाई थी शराब

बताया गया कि मौके पर पुलिस टीम को देखकर कुछ व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से तीन आरोपियों को पुलिस द्वारा तत्परता एवं मुस्तैदी से पकड़ लिया गया। जबकि एक आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू मौके से फरार है। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि अवैध शराब आरोपी नंदकिशोर वर्मा द्वारा स्वीफ्ट डिजायर से मंगाई गई थी, जिसे सभी मिलकर बिक्री करते थे।

### 450 पौवा गोवा व्हिस्की बरामद

कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की की कुल 9 पेटी (450 पौवा) एवं एक ओला ईवी स्कूटी जब्त की गई। इस मामले में आरोपी देवव्रत वर्मा निवासी मोहारा, चुम्मन सिन्हा निवासी रूवातला, महेन्द्र वर्मा निवासी मोहारा के विरुद्ध थाना डोंगरगढ़ में धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### एक माह में 135 प्रकरण दर्ज, 147 पर कार्रवाई

पुलिस ने अपनी कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि विगत 1 माह के भीतर ही राजनांदगांव जिले में आबकारी के 135 से अधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें लगभग 147 आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। वहीं पुलिस के अनुसार पिछले छह महीने के भीतर यह 10वीं बड़ी कार्रवाई है। बताया गया कि अब तक विभिन्न मामलों में लगभग 11 लाख रुपए की 880 लीटर अंतर्राज्यीय शराब को पकड़ा जा चुका है।

0 **राजनांदगांव**। मई माह के दूसरे सप्ताह में मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। भीषण गर्मी के बीच आसमान में बदली, तेज हवाएं और बूंदाबांदी का भी वातावरण निर्मित है। शुक्रवार को दोपहर बाद अचानक तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। जिससे कुछ हद तक गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। देर रात तक ठंडी हवाओं का दौर चलता रहा।






### खबर संक्षेप

#### मोपेड में ले जा रहे थे शराब, पकड़े गए

**राजनांदगांव**। मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर डोंगरगांव पुलिस ने 34 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब बरामद की है। आरोपियों से मोपेड भी जब्त किया गया है।

ग्राम राजा खुज्जी मार्ग में घेराबंदी कर संदिग्ध नीले रंग की एक्टिवा वाहन को रोका। पूछताछ करने पर वाहन सवार व्यक्तियों ने अपना नाम नवीन विश्वकर्मा 21 वर्ष निवासी ग्राम आरी तथा अवेश कुमार धनकर 20 वर्ष निवासी ग्राम सुखरी का होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखे 34 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब, कीमती लगभग 2720 रुपए बरामद किया गया। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त नीले रंग की एक्टिवा वाहन को जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### माए एंगल












## खबर संक्षेप

### तृष्णा ही दुःख का कारणः धम्मतप

**डोंगरगांव।** करुणा बुद्ध विहार बेंदरकट्टा में दो दिवसीय ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया। भिक्खु धम्मतप ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को रखते हुए बताया कि तृष्णाओं के कारण दुःख होता है। तृष्णा के त्याग से जीवन सुखी होता है। जीवन में बदलाव आता है। शिविरार्थियों को चार आर्य सत्य के मार्ग को बताया। शिविर में नेहा ऊके, छाया बोरकर, निरंजना सोनटेके, निर्मला ऊके, संघमित्रा ऊके आदि शामिल हुए।



### आठवीं में निशा अव्वल

**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव की छात्रा निशा साहू पिता डोमन साहू ने कक्षा आठवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर बालोद जिला में छठवाँ एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुरू से मेधावी छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं माता पिता को दिया है। निशा को प्रधान पाठक कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, रेखा धगेश, कविता ठाकुर, मोनिका ठाकुर, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, चैनसिंह साहू, बसंत साहू, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य ने बधाई दी है।



### भेषमणी, हर्ष जिले के टॉप-टेन में

**पटेवा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा में कक्षा 10वीं का परिणाम 89.7 प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 107 विद्यार्थी में से 52 प्रथम, 36 द्वितीय एवं 8 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। लिकेश्वरी वर्मा ने 90.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, देविका वर्मा 88, लवली साहू 87, युवराज निर्मलकर ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । शाला के 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं की परीक्षा में प्रविष्ट 124 विद्यार्थियों में 83 प्रथम, 33 द्वितीय एवं 4 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। परिणाम 96 प्रतिशत रहा। भेषमणी साहू ने गणित समूह में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, हर्ष देवांगन 92 थियों ने जिला के टॉप टेन में स्थान बनाया है। तमन्ना वर्मा, थानेश्वरी साहू, सपना साहू सहित 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। प्राचार्य माया पेठकर, एचके साहू, शाला समिति के अध्यक्ष राकेश साहू, सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा आदि ने सभी को बधाई दी है।



### हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद

**डोंगरगढ़।** जिले से एक महत्वपूर्ण न्यायिक फैसला सामने आया है। हत्या के मामले में आरोपी को अदालत ने दोषी करार देते हुए सख्त सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार आरोपी इन्द्रजीत बघा निवासी ग्राम कलकसा को धारा 103 (1) का दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिमा वर्मा की अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास के साथ 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। निर्णय में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि आरोपी अर्थदंड अदा नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी लोक अभियोजक ज्योति सावानी ने की।

### पूर्णिमा साहू का आत्मीय स्वागत

**डोंगरगांव।** रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास समिति की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू का शुक्रवार को नगर आगमन हुआ। स्थानीय रेस्ट हाउस में मंडल भाजपा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी से चर्चा की और राजगामी संपदा की कार्ययोजना के बारे में बताया। इस दौरान गुलशन हिरवानी, सतीश्श पांडेय, बालकृष्ण सिन्हा, रामकुमार गुप्ता, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हीना मंगल जैन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ऐलन साहू, महेश्वरी गंजीर, पद्मिनी ठाकुर, पुरुषोत्तम साहू, कोमल साहू, निर्मला मालेकर, हरि मालेकर, युवा मोर्चा महामंत्री गौरव यदु, दिनेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



## लोगों की अजीबो गरीब मांगों ने प्रशासन को डाला संकट में

# साहब... शराब की क्वालिटी खराब, पीने से बिगड़ती है तबीयत, अच्छी वाली दिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में आ रहे आवेदनों ने प्रशासन की मुश्किलें बढा दी है। गुरूवार को नगरीय निकाय को नौकरी, अच्छी शराब और सरकारी शराब दुकान से नियमित शराब दिलाने की मांगो ने नगर पंचायत को परेशानियों में डाल दिया है।

सुशासन तिहार अंतर्गत पहला शिविर गुरूवार को मंगल भवन में संपन्न हुआ। शिविर में नितीन दुबे ने षिकायत किया कि शासकीय शराब दुकान में जो शराब मिल रही है उसके सेवन से तबियत बिगड़ रही है। देशी और अंग्रेजी शराब पीने से उल्टी दस्त हो रही है। शिकायत यह भी है कि शराब दुकान में एक महिने से लोगों को शेरा, शोले, यूनिक एवं रोमियो ब्रांड की शराब नहीं मिल रही है। अंग्रेजी शराब दुकान में प्रचलित गोवा, आरएस, आल सीजन, सिग्नेचर, 8 पीएम ब्रांड की शराब नहीं मिल रही है। नए नए ब्रांड के सेवन से लोगो की सेहत खराब हो रही है। शराब दुकान में फ्रीजर होने के बाद भी लोगो को गर्म बीयर दिया जा रहा है।

### बेरोजगार हूँ नौकरी दिलाएं

पति मजदूर है। किराए के मकान में रहती हूँ। बेरोजगार हूँ। घर चलाने में कई परेशानियां आ रही है । मुझे शिक्षा विभाग में नौकरी दिला दीजिए। मैं पोस्ट ग्रेजुएट होने के साथ बीएड, डीएड कर चुकी हूँ। यह आवेदन नगर की कल्पना ने शिविर में दिया है। इसी तरह वार्ड 2 की पार्वती ने हायर सेंकेण्डरी उत्तीर्ण होने का हवाला देते हुए चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलाने की मांग की है। कुछ अन्य महिलाओं एवं पुरूषों ने अपनी गरीबी और मजबूरियों को बताते हुए भृत्य, चौकीदार, वाटरमेन सहित अन्य की नौकरी दिलाने की मांग की है।

### पर्याप्त स्टाक नहीं

शिकायतकर्ता का कहना है कि शराब दुकान में मांग के अनुरूप शराब की आपूर्ति नहीं हो रही है। देशी शराब का स्टाक कुछ घंटे में खत्म हो जाता है जबकि अंग्रेजी शराब का स्टाक एक दिन में ही खत्म हो रहा है। नितीन ने बताया कि वह शराब प्रेमियो की समस्याओ एवं दर्द को सुषासन तिहार में रख रहे है ताकि जल्द ही निराकरण हो सके।

### ग्रामीणों ने मांगा जमीन का पट्टा

मेरेगांव, कान्हे सहित अन्य वार्डों के नागरिको ने पटटा देने की मांग की है। शासकीय जमीन में कब्जा कर निवास करने वाले मेरेगांव के लोगों ने अपने आवेदनों में बताया कि वह पच्चीस तीस साल से शासकीय जमीन पर काबिज है लेकिन उन्हे पटटा नही दिया गया है। इसी तरह नगर के अधिकांश वार्डो में पटटे से वंचित नागरिकों ने पटटा देने की गुहार लगाई है।

## शिविर में सिर्फ 103 ने दिया आवेदन

**डोंगरगांव।** सुशासन तिहार अंतर्गत इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भरत वर्मा आदि ने विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। शिविर में वार्ड क्रमांक 1 से 6 तक के नागरिकों द्वारा 103 आवेदन दिए जिसमें जिसमें मांग के 91 आवेदन एवं शिकायत के 12 आवेदन शामिल थे। मौके पर 10 आवेदनों का निराकरण किया गया। सर्वाधिक आवेदन पट्टा एवं भूमिहीन कृषक मजदूर योजना के प्राप्त हुए। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार कमल किशोर साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा सहित अन्य उपस्थित थे।



शिविर में जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जिपं सदस्य देवकुमारी साहू, शीला राकेश सिन्हा, अनिता दिगेंद्र सिन्हा, उत्तरी तामस्कर, पूर्णिमा साहू, हार्षी चंद्राकर, राजेंद्र ठाकुर, साकेत वैष्णव, पुष्पा उइके, मनोज साहू, रमेश चंद्राकर, बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन, हिपेंद्र साहू, अनुविभागीय अधिकारी गौतम पाटिल, जनपद सीईओ मनीष साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### समस्या निवारण शिविर आयोजित

**सोमनी।** ग्राम पंचायत सुंदरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सुंदरा, बोरी, गठुला, भाठागांव, बोइरडीह, जराही, तुमड़ीलेवा, अचानकपुर भाठापारा, परमालकसा, मनकी, तोरनकटठा, पार्रीकला, बरगा, इंदामरा, भानपुरी, पनेका, बांकल, फरहद, रीवागहन, भेड़ीकला ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में मांग से संबंधित 1329 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 16 आवेदन कुल 1345 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 40 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया। शिविर में विभागीय योजनाओं से ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। श्रम विभाग द्वारा श्रम पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों का ई-केवाईसी सत्यापन किया गया।

## अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत संड़ी में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्भन ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य एवं जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया की अध्यक्षता में विकास कार्यों को भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

गांव पहुंचे अतिथियों का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों ने वार्ड एक भाटापारा में 3 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण का भूमिपूजन तथा दो लाख की लागत से निर्मित मंच का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री ताम्रकार ने कहा कि सरकार का प्रथम उद्देश्य गांव में मुलभुत सुविधा का विकास करना तथा योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। डोमार सिंह ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाकर ग्रामीणों को लाभ लेने प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच कैलाश वर्मा, खेलन वर्मा, रमेश जंघेल, प्रकाश वर्मा, गोलू वर्मा, बिशेषर वर्मा, दौलत राम सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जाति प्रमाण पत्र की समस्या से कराया अवगत

### भीम सेना के प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रवास के दौरान भीम मानव कल्याण संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही गंभीर समस्याओं से अवगत कराया गया।

संगठन ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन 2013 लागू है, जिसके अनुसार प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए। परंतु व्यवहार में इन प्रावधानों का पालन नही किया जा रहा है। अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर ने बताया कि विनियमन 2013 के नियम में स्पष्ट लिखा है कि आवेदन का समयबद्ध निराकरण हो और केवल निर्धारित दस्तावेजों की मांग की जाए। श्री बोरकर ने बताया की वर्ष 2024 में नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ की सामान्य सभा ने 309 नागरिकों के जाति प्रमाण पत्र के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया था इसके बाद भी प्रकरणों को लगभग दो वर्षों से लंबित रखा गया है।



### नियम का पालन नहीं कर रहे अधिकारी

जानकारी मांगने पर आवेदकों से 1950 के पूर्व के अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है। संगठन ने आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि विनियमन 2013 में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि 1950 के पूर्व के दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, तो बाद की अवधि के उपलब्ध दस्तावेजों तथा स्थानीय निकाय द्वारा पारित प्रस्ताव को साक्ष्य मानते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाना चाहिए। अधिकारियों द्वारा शासन के नियमों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, जिससे नागरिकों को शिक्षा, रोजगार एवं अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

## भाजपा नेता ने प्रशासन पर साधा निशाना



**डोंगरगढ़।** सुशासन तिहार के बीच भाजपा नेता महेंद्र अग्रवाल ने स्थानीय नेतृत्व और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने से रजिस्ट्री पर रोक, लीज समाप्ति और राशन कार्ड बंद करने जैसे मुद्दों को लेकर प्रशासन को घेरा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि बायपास और परिक्रमा मार्ग निर्माण के लिए 20-22 गांवों में जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई है। पिछले 8-10 महीनों से लोग अपनी जमीन की खरीद-बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। नजूल लीज खत्म होने के बाद लीज नवीनीकरण नहीं होने के कारण लोग न तो मकान बेच पा रहे हैं और न खरीद पा रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि केवाईसी के नाम पर हजारों गरीब परिवारों के राशन कार्ड बंद कर दिए गए हैं, जिससे कई जरूरतमंद सरकारी लाभ से वंचित हो रहे हैं।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने दिया सात दिवसीय प्रशिक्षण

# पनियाजोब में युवा नेतृत्व प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला




आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर द्वारा संचालित द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के माध्यम से पनियाजोब आनंद विहार श्री श्री ज्ञान मंदिर में 7 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ठाकुरटोला, पनियाजोब, अंडी, चिद्दों, मचानपार, बेलगांव के युवक युवतियों ने भाग लिया। समापन पूर्व 6 मई को महासत्संग का आयोजन किया गया जिसमें सुमधुर भजन कीर्तन में लोग झूम उठे। प्रशिक्षण ले रहे युवाओ ने अपना अनुभव शेयर किया। युवाओं में प्रशिक्षण पश्चात बढा आत्मविश्वास स्पष्ट परिलक्षित हो रहा था। कार्यक्रम में मनोज अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, स्नेह अग्रवाल,नंदकिशोर अग्रवाल, अजय ठाकुर, किरण नरेडी, रामप्रवेश शुक्ला, अमरनाथ साहू, सत्यप्रभा साहू, कुलदीप साहू, चितरेखा साहू, भीमेश्वरी साहू, महेंद्र वर्मा, लखन वर्मा, शोभा यादव, फगुआराम साहू, कृष्णा यादव, कामिनी यादव, मोनिका देवांगन, प्रीतराम साहू, शिवराम साहू, नेहा साहू, रामनाथ साहू, कोमल साहू, कामता साहू, चंद्रगुप्त साहू, मनोहर साहू, चुनिका साहू, लक्की, कुणाल आदि शामिल हुए। प्रशिक्षण आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक गुलाब देशमुख, सत्यदेव साहू, संजीव वशिष्ठ, सीमा देशमुख के मार्गदर्शन मे संपन्न हुआ।

### अगला प्रशिक्षण 31 मई से

द आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक सत्यदेव साहू ने बताया कि आगामी प्रशिक्षण पुनः पनियाजोब स्थित आनंद विहार श्री श्री ज्ञान मंदिर मे 31 मई से 6 जून तक रखा गया है। इसी प्रकार ठाकुरटोला मे 1जून से हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन किया गया है जिसमे योग, प्राणायाम, ध्यान व सुदर्शन क्रिया के साथ जीवन जीने की कला के टिप्स दिए जाएंगे।

## बेलगाम हुई शराब बिक्री, अब दुकान खोलने की तैयारी

- अवैध बिक्री रोकने में पुलिस और आबकारी नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

चारभाठा क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है जिसे जड़ से उखाड़ने में स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

अब गाँव में सरकारी शराब दुकान खोलने की तैयारी है। शराब दुकान खोले जाने की मांग ग्रामीणों की है। शासन की सख्ती और नशा मुक्ति के दावों के बाद भी शराब कोचियों का जाल इतना गहरा फैल चुका है कि आम नागरिक असुरक्षित महसूस करने लगे थे।

प्रशासन की इस पहल ने उसकी कार्यप्रणाली और इच्छाशक्ति पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। सवाल यह है कि क्या पुलिस और आबकारी अमला इतना लाचार हो चुका था कि वह शराब की तस्करी और बिक्री पर लगाम नहीं लगा सका? लोग कह रहे है कि अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय शराब दुकान खोलकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश की जा रही है।

### लोगों की बढ़ेगी परेशानी

सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि रिहायशी इलाके या पंचायत के पास शराब दुकान खुलने का तीव्र विरोध होता है, लेकिन चारभाठा में स्थिति इसके विपरीत है। यहाँ के ग्रामवासियों का कहना है कि प्रशासन की विफलता के कारण अवैध शराब हर गली-कूचे में सहज उपलब्ध हो गई थी, जिससे युवा पीढ़ी गर्त में जा रही थी। ग्रामीणों को अब यह उम्मीद है कि सरकारी दुकान खुलने से कम से कम शराब कोचियों का आतंक खत्म होगा। गाँव के भीतर होने वाली अराजकता एक निश्चित स्थान तक सीमित हो जाएगी।

### पंचायत के पीछे खुलेगी शराब दुकान

अब इस अनियंत्रित स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन ने ग्राम पंचायत के पीछे स्थित सरकारी भवन को शराब दुकान के लिए चुना है। वर्तमान में भवन मरम्मत कार्य जारी है। इस भवन के संबंध में पंचायत का कहना है कि फिलहाल दुकान चलाने के लिए इस जगह को तैयार किया जा रहा है, जबकि आने वाले कुछ महीनों में दुकान का व्यवस्थित निर्माण किया जाएगा। तैयारियों को देखते हुए कहा जा रहा है कि अगले हफ्ते तक दुकान का शटर ग्राहकों के लिए खुल जाएगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### अवैध कारोबार के खिलाफ चिल्हाटी पुलिस बनी मूकदर्शक

# अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीणों का बड़ा फैसला, 25 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

चिल्हाटी थाना क्षेत्र के ग्राम हज्जूटोला में पिछले दो वर्षों से लगातार हो रही अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अब ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है। गांव में बिगड़ते माहौल, बढ़ती अशांति और युवाओं पर पड़ रहे नशे की लत के खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुट होकर शराब बेचने वालों के खिलाफ अब मोर्चा खोल दिया है। आज सैकड़ों के तादाद में ग्रामीण चिल्हाटी थाना पहुंचकर मूकदर्शक बने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का आरोप है कि हज्जूटोला में खुलेआम अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। जिसके कारण आसपास के गांवों से भी लोग यहां शराब लेने पहुंच रहे हैं। इससे गांव का सामाजिक वातावरण लगातार खराब होता जा रहा है। आए दिन गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़े और घरेलू विवाद बढ़ रहे हैं। जिससे गांव में अशांति का माहौल बन गया है।

ग्रामीणों ने चिंता जताई कि छोटे-छोटे बच्चे और युवा इस माहौल को देखकर गलत दिशा में प्रभावित हो रहे हैं। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने कहा कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है।

#### आम नागरिक परेशान

एक अन्य आवेदन में ग्रामीणों ने नीलकंठ रामटेके, माधो गजभिये और सुनील गजभिये सहित कुछ लोगों के नाम का उल्लेख करते आरोप लगाया है कि सामाजिक बंधुओं के साथ दुर्व्यवहार, गाली-गलौज करते हैं। इससे गांव के बुजुर्ग, महिलाएं और आम ग्रामीण परेशान हैं। उक्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग रखी गई है।



#### थाना पहुंचकर कार्रवाई करने की रखी मांग

ग्रामीणों और महिलाओं ने जिला पंचायत सदस्य शांतिबाई त्रिपुरे के नेतृत्व में आज चिल्हाटी थाना पहुंचकर अवैध शराब बिक्री बंद के बाद पुनः शराब बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। आवेदन में गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

#### गांव में मीटिंग रखकर लिया गया फैसला

ग्रामीण चतुर सिंह गजभिये ने बताया कि थाना प्रभारी संजय मरावी की पैरवी पर गांव में मीटिंग रखा गया था। जिसके तहत शराब बंदी पर कठोर निर्णय लिया था और इसकी सूचना थाना में दी गई है। चिल्हाटी थाना प्रभारी संजय मरावी ने बताया कि पूर्व में 20 अप्रैल को हज्जूटोला निवासी लोकेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई कर धारा 34-2 के तहत जेल भेजा गया था। हाइकोर्ट से जमानत लेकर पुनः गांव में दारू बेचा जा रहा है। जिसकी सूचना पर ग्रामीणों को मीटिंग रख कर पूर्णतः शराब बंदी का प्रस्ताव करने को मेरे द्वारा कहा गया था, जिस पर ग्रामीणों ने सात मई को बैठक कर दारू बेचने पर प्रतिबंध लगाया और अर्थदंड भी जिसकी सूचना देने आज थाना पहुंचे थे।

#### गवाह को 10 हजार का ईनाम

इसी गंभीर समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य शांतिबाई त्रिपुरे ने ग्रामीणों के साथ बैठककर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया। बीते गुरुवार को हज्जूटोला में आयोजित ग्राम बैठक में सर्वसम्मति से गांव में शराब बेचने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया गया। जिसमें शराब बेचने वालों ने बैठक में अपनी सहमति दी। साथ ही तय किया गया कि गांव में शराब बेचते पाए जाने वाले व्यक्ति पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं शराब बिक्री में सहयोग करने या ऐसे लोगों से संपर्क रखने वालों पर 15 हजार रुपए का दंड निर्धारित किया गया है। साथ ही गवाह को 10 हजार इनाम के तौर पर दिया जाएगा।

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले समस्या और मांग के 82 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य शासन की पहल सुशासन तिहार के अंतर्गत दिलीप सिंह मंगल भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्या और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 82 आवेदन मिला जिसमे 78 मांगों और 4 आवेदन शिकायतों से संबंधित था। शिविर का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। अधिकारियों साथ उन्होने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली और कई मामलों में मौके पर ही त्वरित निराकरण का निर्देश दिया। शिविर में आए लोगों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव हो पा रहा है। प्राप्त आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना, नाली सफाई, राशन कार्ड, शौचालय निर्माण, आय व जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी मांगें और समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। प्रशासन द्वारा सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने कहा गया है।



#### बन रहा प्रभावी माध्यम

शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान गांव एवं वार्ड स्तर पर ही हो, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है तथा इससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहायता मिल रही है। उन्होने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर मे विभिन्न विभागों द्वारा कुल 24 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। 2 हितग्राहियों को कुपोषण किट और 2 हितग्राहियों को अन्न राशन वितरित किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 9 मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहन सामग्री प्रदान की गई। वहीं मछली पालन विभाग द्वारा 4 मत्स्य पालकों को 2 आईस बॉक्स व 2 जाल वितरित किए गए। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, सभापति पार्षद विनय देवांगन, रूपेन्द्र रजक, रेखा गुप्ता, देविन कोठले, पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, नीलिमा गिरी गोस्वामी, आयश सिंह सिंह बोनी, महेश गिरी गोस्वामी, सीएमओ पुनीत वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### 23 आवेदकों को मिला नियुक्ति पत्र

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 6 मई को रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव में आयोजित किया गया। उप संचालक रोजगार व्हीके केडिया ने बताया कि रोजगार मेला में विभिन्न नियोजकों द्वारा कुल 357 आवेदकों का साक्षात्कार लिया और प्रारंभिक स्तर पर कुल 166 आवेदकों का चयन किया गया। मेला स्थल पर 23 आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि अन्य आवेदकों की चयन प्रक्रिया जारी है। जिसकी सूचना रोजगार पोर्टल के माध्यम से दिया जाएगा।

बिजनेस साईट

## बरडिया एग्रो महिंद्रा ट्रैक्टर डीलरशिप का शुभारंभ, 5 किसानों ने लिया नया ट्रैक्टर



**राजनांदगांव।** धमतरी में बरडिया एग्रो द्वारा महिंद्रा ट्रैक्टर की नई डीलरशिप का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिंद्रा ट्रैक्टर के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें जोनल हेड रमेश राठौर, स्टेट हेड दिलीप सिंह, एरिया मैनेजर रामाकांत, लीड सीसीएम रावेंद्र तिवारी, जोनल चैलन मैनेजर नीरज अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर सचिन होटकर एवं टेरेट्री मैनेजर सचिन हुडकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डीलरशिप संचालक योगेश जैन, अल्पेश जैन एवं नितेश जैन ने सभी अतिथियों, किसानों एवं उपस्थितजनों का स्वागत करते कहा कि बरडिया एग्रो का उद्देश्य धमतरी एवं आसपास के किसानों को महिंद्रा ट्रैक्टर की उत्कृष्ट गुणवत्ता, आधुनिक तकनीक एवं बेहतर सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

उद्घाटन समारोह के दौरान किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां 5 किसान भाइयों ने नए महिंद्रा ट्रैक्टरों की डिलीवरी प्राप्त कर अपने कृषि कार्यों के लिए नई शुरूआत की है। ट्रैक्टर प्राप्त करने वाले किसानों में यश कुमार साहू ग्राम बोरडा, धनंजय साहू ग्राम खरतुली, टेमनलाल निषाद तर्रागोन्दी, घनश्याम प्रसाद ग्राम उसलापुर रहे। साथ ही क्षेत्र के प्रगतिशील किसान आशीष साहू ग्राम कोर्रा, कृपाराम साहू ग्राम हंचलपुर, नीलमणि साहू ग्राम गातापार, ओमप्रकाश साहू ग्राम मुजगहन, देव साहू खरतुली, कृष्णा निषाद ग्राम कोसमर्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों ने महिंद्रा ट्रैक्टर की विश्वसनीयता एवं बरडिया एग्रो की सेवाओं पर विश्वास व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अधिकारियों ने बरडिया एग्रो टीम को शुभकामनाएं देते विश्वास जताया कि यह नई डीलरशिप क्षेत्र के किसानों के लिए आधुनिक कृषि समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बरडिया एग्रो धमतरी द्वारा आकर्षक उद्घाटन ऑफर्स एवं बेहतर सर्विस सुविधाओं की घोषणा भी की गई। जिससे किसानों में विशेष उत्साह देखा गया।

# पद्मश्री फुलबासन की सुरक्षा पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश महिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया सहित प्रदेश महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने पद्मश्री फुलबासन यादव से मुलाकात करते उनके अपहरण की घटना को चिंताजनक बताया। महिला कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में जब एक पद्मश्री सुरक्षित नहीं है तो फिर अन्य महिलाओं की सुरक्षा का क्या होगा। महिला कांग्रेस द्वारा अपहरण मामले में जांच को लेकर कई सवाल भी उठाए गए हैं।

महिला कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल द्वारा पद्मश्री फुलबासन यादव से मुलाकात के पश्चात आयोजित किए गए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि अपहरण मामले की बारीकी से जांच की जानी चाहिए। प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि कैसा टेंडर और कितने के टेंडर के लिए अपहरण की घटना हुई है। साथ ही अपहरण के दौरान आरोपी की सर जी से बात कर रहे थे, सरकार सार्वजनिक करें।



#### कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। अपराधी बेखौफ व बेलगाम होकर घूम रहे हैं। लचर कानून व्यवस्था के कारण अपराध हो रहा है। साय सरकार महिलाओं एवं बेटियों की रक्षा करने में असफल है। बीते दो वर्ष में राजधानी में ही 2100 से अधिक महिलाएं एवं बेटियां लापता है। मानव तस्करी, अपहरण की घटनायें तेजी से बढ़ी है।

#### गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग

महिला कांग्रेस पदाधिकारी ने प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से कहा कि प्रदेश में महिला संबंधित अपराधों के मामले में रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरबा और दुर्ग अग्रणी है। ऐसे में उन्होंने महिला सुरक्षा और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफे की मांग की है। फुलबासन यादव से मुलाकात के दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संगीता सिन्हा, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शारदा तिवारी, विधायक दलेश्वर साहू, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आज लोक अदालत में होगा स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर मे आज आयोजित नेशनल लोक अदालत मे व्यवहार और राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों सहित प्री- लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। न्यायालय मे लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण सौहार्दपूर्ण माहौल में होगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर द्वारा संबंधित न्यायाधीश, अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। पीएलवी गोलूदास साहू भी गांव, स्कूल, ग्राम पंचायतो और रोजगार गारंटी कार्य स्थलों में जाकर लोक अदालत का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर रहे है।

#### कई प्रकरणों का होगा निराकरण

लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परक्राम्य अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाना है। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगरपालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में निराकृत होगा। लोक अदालत आयोजन दौरान व्यवहार न्यायालय परिसर में सिविल अस्पताल बीएमओ डॉ विवेक बिसेन के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसका लाभ पक्षकारों सहित अन्य ले सकेंगे।

## काम्बिंग गश्त में लॉज-ढाबों की भी जांच

**राजनांदगांव।** अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस ने गत रात्रि गंडई क्षेत्र में काम्बिंग गश्त की। इस दौरान लॉज-ढाबों की भी जांच की गई। देर रात तक घूमने वालों को समझाईश दी गई। अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 6 मई को रात्रि 12 से सुबह 5 बजे तक नगर गंडई में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बस स्टैंड, रावणपारा, कोपेभाठा, पंडरिया, टिकरीपारा, महामाईपारा, मस्जिदपारा, पटेलपारा, कण्डरापारा, कुम्हारपारा, देवांगनपारा, नवापारा, अटल आवास एवं ग्राम देवपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन गश्त की गई। गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के बैंक, एटीएम, सराफा दुकानों एवं अन्य संदिग्ध स्थलों की जांच की गई। साथ ही गुंडा, निगरानी बदमाशों, फरार वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों के निवास स्थलों पर दबिश देकर उनकी उपस्थिति की पुष्टि की गई तथा उनके आय-व्यवसाय के संबंध में पूछताछ कर उन्हें अपराध से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त लॉज एवं ढाबों की भी जांच की गई।अभियान के अंतर्गत कुल 2 निगरानी बदमाश एवं 5 गुंडा बदमाशों के निवास स्थलों पर दबिश देकर वैधानिक कार्रवाई की गई। सभी को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने हेतु समझाइश दी गई। देर रात्रि में बिना कारण घूमते पाए गए व्यक्तियों को थाना लाकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा भविष्य में अनावश्यक रूप से देर रात बाहर न घूमने की हिदायत दी गई। बिना नंबर प्लेट के बुलेट वाहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया गया है। परीक्षा तिथि को ओएमआर सीट सुबह 9.30 से 10 बजे तक भरना होगा तथा प्राक्चयन परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र वेबसाईट से डाऊनलोड की जा सकती है।

### ग्रामीणों की बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित

# उठा जल संकट और अवैध शराब बिक्री का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुशासन तिहार के तहत ब्लाक के गाड़ाघाट में आयोजित दूसरे समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं खुलकर सामने आईं। शिविर में जहां एक ओर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी मांगों और शिकायतों का आवेदन जमा किया।

वहीं पेयजल संकट और अवैध शराब बिक्री जैसे विषयो पर जनप्रतिनिधियों का गुस्सा अधिकाकरियों पर फूट पड़ा। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर साहू सहित जिला व जनपद पंचायत के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग के शिविर में ग्रामीणों की शुगर, बीपी सहित अन्य बीमारियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।



#### 1428 आवेदन, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ

शिविर में कुल 1428 आवेदन मिला जिसमे 1399 मांग संबंधी और 29 शिकायतें वाली थी। पट्टा, राशन कार्ड, आवास, सडक़ निर्माण, पेयजल, वनभूमि पट्टा, नामांतरण, बिजली ट्रांसफार्मर और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी मांगें प्रमुख रहीं। प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी दिया गया। मत्स्य विभाग ने दो हितग्राहियों को जाल वितरित किया, शिक्षा विभाग ने 52 मेधावी छात्रों का सम्मान किया जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पांच प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोद भराई, सुपोषण किट और स्वच्छता किट का वितरण किया। वहीं मनरेगा के तहत चार हितग्राहियों को जॉब कार्ड दिया गया।

#### देवरी में शराब दुकान खोलने की मांग

शिविर मे वनांचल के ग्राम देवरी के ग्रामीणों ने आबकारी विभाग को आवेदन सौंपकर गांव में शराब दुकान खोलने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री लगातार बढ़ रही है और कार्रवाई नहीं होने से शराब कोचियों का नेटवर्क मजबूत हो गया है। इसका असर महिलाओं, युवाओं और स्कूली छात्रों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि अधिकृत शराब दुकान खुलने से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगेगी। शिविर मे मौजूद जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा और अरूणा सिंह बनाफर ने मंच से ही जल संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों के कारण गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित है और ग्रामीण परेशान हैं। कई महीनों से शिकायत और आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होने अधूरे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने और गॉवो मे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।

# थाना दिवस पर समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मई माह में प्रथम थाना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समस्याओं का त्वरित निराकरण होते देख आमजनों के चेहरे पर खुशी और मन में संतुष्टि का भाव दिखा।

जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा जिले के सभी थानों व चौकी में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के संबंध में दिशा- निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके परिपालन में 7 मई को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों और आमजनों को थानों में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों व सुझाव पर खुली चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी द्वारा गातापार में उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही साइबर फ्रॉड एवं नए आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने के अलावा साइबर अपराध संबंधित जानकारी दिया गया। साइबर संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने हेतु सभी थाना, चौकी प्रभारियों को क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों व वार्डों में साइबर जागरूकता, यातायात जागरूकता का आयोजन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया ।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम द्वारा थाना खैरागढ़ एवं ठेलकाडीह में, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रदीप येरेवार द्वारा थाना साल्हेवारा एवं बकरकट्टा में, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ आशारानी द्वारा थाना छुईखदान और चौकी जालबांधा, मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्रा द्वारा थाना गंडई एवं मोहगांव में उपस्थिति देकर क्षेत्रांतर्गत आए समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी देकर सायबर क्राइम, फ्रॉड के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही इनसे बचाव हेतु उपाय बताए गए।



#### तत्काल करें कार्रवाई

थाना क्षेत्र के आमजन, बैंकों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख व कोटवार सहित बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। सबसे पहले बारी-बारी से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें प्रमुख शिकायतें शराब बिक्री व सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, मादक पदार्थ जैसे गांजा, नशीली दवाइयों का सेवन एवं शराबखोरी, यातायात नियमों को अनदेखी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई, साइबर संबंधी समस्या, नाबालिकों द्वारा वाहनों को नहीं चलाने, छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने एवं मवेशी संबंधित अव्यवस्था एवं सड़क दुर्घटना के संबंध में थी। शिकायत एवं सुझाव सुनने के बाद त्वरित कार्रवाई करने संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

## सार समाचार

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराए जाने के मामले में घुमका पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना घुमका पुलिस द्वारा 7 मई को पटेवा रोड चौक स्थित देशी शराब दुकान के पास रेड कार्रवाई किया गया, जिस पर दो चखना दुकान वालों द्वारा शराबियों को पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर चखना दुकान वालों रोहित वर्मा 37 निवासी घुमका व शिव वर्मा 55 निवासी घुमका के विरुद्ध धारा सदर का अपराध करना पाए जाने से 36(सी) आबकारी एक्ट अंतर्गत गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### दीपक ने किया 26वां रक्तदान



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा ने विश्व रेडक्रास दिवस तथा अपनी पुत्री अन्विका परगनिहा के जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय के रक्त केन्द्र में रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में रजिस्ट्रार पद पर नियुक्त होने के पश्चात प्रतिवर्ष 01 जनवरी के साथ-साथ अपने प्रियजनों के जन्मदिन पर रक्तदान करते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह एक ऐसा कदम है, जो किसी के जीवन को बचाने के साथ-साथ आपके खुद के स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचा सकता है। इनका यह कार्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगा। यह रक्तदान श्री परगनिहा का 26वां रक्तदान है।

### बोर्ड परीक्षाओं में दो विद्यार्थी 90 प्रतिशत के पार





**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के परीक्षा परिणाम विगत दिनों घोषित किए गए। दो वर्ष पूर्व स्थापित एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी के दो विद्यार्थी उक्त बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। दोनों ही विद्यार्थियों ने अच्छी सफलता प्राप्त की और 94 तथा 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए। एनएसएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि संस्था में पहली बोर्ड परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें दो छात्राओं ने पांचवीं बोर्ड की परीक्षा दी। घोषित परिणामों में संस्था की छात्रा रितिका साहू पिता हेमंत/वीणा साहू ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसी तरह अलिजा खान पिता जावेद अहमद/शबनम नाहिद खान ने 94 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल की गुणवत्ता शिक्षा का परिचय दिया। संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। नांदगांव शिक्षा मंडल राजनांदगांव के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल सहित सभी पदाधिकारियों ने पहले बोर्ड परिणाम के उत्कृष्ट होने पर संस्था में कार्यरत शिक्षकों को साधुवाद दिया।

### दिनेश ने आयोजकों पर लगाए आरोप, कहा: गांव-गांव में की वसूली

# तय राशि में सिर्फ 20 फीसदी का भुगतान इसलिए नहीं हुई शिवमहापुराण की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हालेकोसा निवासी दिनेश साहू ने अपने ऊपर लगाए गए कथित धोखाधड़ी के आरोपों को निराधार बताते पूरे मामले में पलटवार किया है। उन्होंने शिवमहापुराण कथा आयोजन समिति से जुड़े दीपचंद रजक एवं उनके साथियों पर कथा के नाम पर क्षेत्रभर में करोड़ों रुपए की उगाही और चंदा वसूली करने का आरोप लगाया है।

दिनेश साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मार्च माह के मध्य में दीपचंद रजक एवं उनके साथी उनके छुरिया स्थित प्रतिष्ठान पहुंचे थे और अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में शिवमहापुराण कथा कराने के लिए सहयोग मांगा था। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने पहले ही आयोजकों को स्पष्ट कर दिया था कि कथा की तिथि मिलना कठिन है तथा आयोजन के लिए टेंट, पंडाल, एलईडी, साउंड सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए लगभग 80 प्रतिशत राशि अग्रिम जमा करनी होगी।

श्री साहू के अनुसार उन्होंने आयोजकों से यह भी कहा था कि लेन-देन सीधे संबंधित लोगों के खातों में किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे, लेकिन आयोजकों के आग्रह पर उन्होंने स्वयं 21 लाख रुपए लेकर टेंट, एलईडी, साउंड और अन्य व्यवस्थाओं के लिए एडवांस भुगतान किया। उनका कहना है कि तय समय तक बाकी राशि नहीं मिलने के कारण आयोजन संभव नहीं हो सका और बाद में कथा की तिथि रांची को दे दी गई।

श्री साहू ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के शिवभक्तों से विश्वास बनाए रखने की अपील करते कहा कि "सत्य जल्द सामने आएगा।"



फाईल फोटो

#### भंडारे के नाम पर आयोजकों ने की वसूली

दिनेश साहू ने आरोप लगाया कि इसी दौरान आयोजकों द्वारा गांव-गांव जाकर कथा के नाम पर चंदा, अनाज और भंडारे के लिए बड़ी मात्रा में वसूली की जा रही थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने आयोजकों को ऐसा करने से मना किया था, क्योंकि इससे कथावाचक एवं समिति की छवि खराब हो रही थी।

#### बदनाम करने की साजिश

दिनेश साहू ने कहा कि उन्होंने कभी पैसे लौटाने से इनकार नहीं किया, इसलिए यह मामला धोखाधड़ी का नहीं बनता। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोजक जनता से लिए गए करोड़ों रुपए की जवाबदेही से बचने के लिए उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। श्री साहू ने दावा किया कि वे पहले भी हालेकोसा गांव में दो बार भव्य शिवमहापुराण कथा करा चुके हैं तथा प्रदेश में 20 से अधिक कथाओं में आर्थिक सहयोग दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा निःस्वार्थ भाव से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे।

### राजनांदगांव का माडी धाम बना संस्कार और शिक्षा का केंद्र



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में स्थित माडी धाम आज आस्था, शिक्षा और संस्कार का ऐसा केंद्र बनकर उभर रहा है, जहां बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि सेवा, अनुशासन, व्यवहारिक ज्ञान और सनातन संस्कृति के मूल्यों की भी शिक्षा दी जा रही है। माडी धाम बच्चों को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है।

माडी धाम में विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले बच्चे नियमित रूप से पहुंचकर शिक्षा के साथ-साथ सेवा भावना, धार्मिक संस्कार और सामाजिक व्यवहार की सीख ले रहे हैं। यहां बच्चों को धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने विशेष गतिविधियां संचालित की जाती है। यही कारण है कि यहां से जुड़े बच्चे न केवल संस्कारित बन रहे हैं, बल्कि पढ़ाई के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड में विद्यार्थियों ने 80 से 85 फीसदी अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। माडी धाम के सतीश साहू 10वीं 91.6 प्रतिशत, त्रिवेणी साहू 12वीं 73.8 प्रतिशत, श्लोक सोनी 10वीं 73.5 प्रतिशत, दक्षा भुजड़े आठवीं 73.5 प्रतिशत, दुष्यंत कुमार साहू 10वीं 67.33 प्रतिशत, त्रिवेणी निषाद 12वीं 62 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# माइनिंग अफसर बनकर किसान से 6 हजार वसूले, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माईनिंग अधिकारी बनकर वसूली करने के आरोप में डोंगरगांव पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 7 मई को थाना डोंगरगांव में प्रार्थी रामसिंह राजपूत निवासी ग्राम दर्री द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह ट्रांसपोर्टिंग एवं जेसीबी कार्य का व्यवसाय करता है। प्रार्थी द्वारा ग्राम आमगांव स्थित किसान यशवंत साहू के खेत में जेसीबी एवं ट्रैक्टर के माध्यम से खेत मरम्मत एवं मिट्टी समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा था।

#### पुलिस ने की कार्रवाई



पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते कुमरदा पेट्रोल पंप के पास उक्त स्वीफ्ट वाहन में सवार तीनों संदिग्ध रवि शर्मा, रेहाना बेगम एवं शेख अरमान व्यक्तियों को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर रेहाना बेगम द्वारा खुद को पत्रकार बताया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 204, 308(2), 3(5) बीएनएस में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

#### अवैध खनन के नाम से धमकाया

कार्य के दौरान दोपहर लगभग 2.58 बजे स्वीफ्ट कार में सवार तीन व्यक्ति रवि शर्मा, रेहाना बेगम एवं शेख अरमान मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने स्वयं को माईनिंग विभाग का अधिकारी बताते प्रार्थी एवं उसके ड्राइवर तनुज कुमार को अवैध खनन करने का आरोप लगाकर डरा-धमकाया तथा कार्रवाई व बदनाम करने की धमकी देकर 10,000 रुपए की मांग की। भयवश प्रार्थी द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से आरोपी के मोबाइल नंबर पर 6,000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया।

### पुस्तक दान शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** कॉनफ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में विश्व पुस्तक दिवस पर 23 अप्रैल को पुस्तक दान शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना एवं जरूरतमंद छात्रों तक पुस्तकों को पहुंचाना था।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते विभिन्न विषयों की पुस्तकों का दान किया। इस प्रयास ने समाज में ज्ञान साझा करने की परंपरा को सुदृढ़ किया।






### सियान सदन केवल एक भवन नहीं बल्कि वरिष्ठजनों के लिए सम्मान व आत्मीयता केंद्र बनेगा

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए कवर्धा नगर में किया गया सियान सदन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा एक महत्वपूर्ण सौगात के रूप में सर्वसुविधायुक्त सियान सदन भवन का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर पालिका की पूरी टीम, शहर के पेंशनर अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने मंच से उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके सम्मान, सुविधा एवं सामाजिक सहभागिता के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि सियान सदन केवल एक भवन नहीं बल्कि वरिष्ठजनों के लिए सम्मान और आत्मीयता का केंद्र बनेगा, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकेंगे तथा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे।

वरिष्ठजनों की वर्षों पुरानी मांग को पूरी करते हुए उप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 30 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह सियान सदन वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैठक, सामाजिक गतिविधियों एवं विभिन्न सुविधाओं से युक्त एक विशेष केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दूरभाष के माध्यम से की चर्चा



कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आवश्यक कार्यवश उपस्थित नहीं हो सके, किन्तु उन्होंने दूरभाष के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। नगर पालिका अध्यक्ष ने मंच से ही उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से दूरभाष पर चर्चा करवाई, जिसके माध्यम से उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित वरिष्ठजनों को संबोधित करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है तथा सियान सदन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दूरभाष पर ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उप अभियंता को आवश्यक निर्देश देते हुए निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी।

## इन सुविधाओं से परिपूर्ण रहेगा सियान सदन

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि सियान सदन भवन सर्वसुविधाय युक्त रहेगा। सियान सदन में बैडमिंटन कोर्ट, हॉल, लायब्रेरी, शतरंज एवं अन्य मनोरंजन के साधन के साथ-साथ बैटरी चलित ऑटो की व्यवस्था की जायेगी। जिसमें बजुर्गो को घर से लाने एवं ले जाने की सुविधा मुहैया कराई जायेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर अधिकारी-कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद एवं जनप्रतिनिधियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे कवर्धा शहर के लिए एक सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद मनोज गुप्ता, सुनील साहू, योगेश चंद्रवंशी, सुरेन्द्र पाण्डेय, सौखी आहिरवार, दीपक सिन्हा, अनिल साहू, कैलाश कौशिक, हरीश कुंभकार, सोनु उपाध्याय, वरिष्ठ नागरिक मदन तंबोली, चंद्रहास सिंह ठाकुर, बलदाउ सोनी, एस.एस.जैन, प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, भरत प्रसाद केशरी, मदन लाल चौहान, भंवरलाल लुनिया, डॉ. एनके यदु, प्रकाश कुमार गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, कपिश कुमार यदु, मूलचंद देवांगन, नरोत्तम महोबिया, महेश महोबिया, गोरेलाल शुक्ला, मनहरण पांडे सहित अधिक संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा







हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनौरा का इस वर्ष कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। विद्यालय की छात्रा भारती घृतलहरे ने 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कल्याणी साहू व यूनिता साहू ने 94.33-94.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मधु साहू ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इनमें हेमलता टंडन ने 93.17 प्रतिशत, सुहाना टंडन 93 प्रतिशत, घनेन्द्र टंडन 93 प्रतिशत, दामिनी साहू 92.83 प्रतिशत, राजेश्वर निषाद 91.83 प्रतिशत, श्वेता पांडेय 91.33 प्रतिशत, होरी लाल धुर्वे 91.33 प्रतिशत तथा रेवती साहू ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वही विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया है।

संस्था के प्रधान पाठक नरेंद्र सर्वे ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने अनुशासन और मेहनत के बल पर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है, जो अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शिक्षक भूपेंद्र चंद्रवंशी, रामगुलाम पटेल एवं एसएमसी अध्यक्ष गुलाबचंद साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आगामी वर्षों में भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

# तेज हवा बूंदाबांदी से बदला मौसम, गर्मी से राहत तो बिजली ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिनभर तेज धूप और उमस के बाद शाम होते-होते आसमान में बादल छाने लगते हैं और तेज हवा के साथ बारिश की स्थिति बन रही है। पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए अचानक बदलाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तेज आंधी, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। दिन के समय तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शाम ढलते ही अचानक तेज हवाएं चलने लगती हैं।

कई क्षेत्रों में धूलभरी आंधी के साथ बूंदाबांदी भी दर्ज की गई है। इधर तेज हवा चलते ही बिजली सप्लाई बाधित होने की समस्या लगातार बनी हुई है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में हल्की हवा या बूंदाबांदी के दौरान भी बिजली गुल हो रही है। कई मोहल्लों में घंटों तक बिजली बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय बिजली कटौती से गर्मी में लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार बिजली बंद होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि बिजली बंद होने से मोटर और पंप नहीं चल पा रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसम प्रणाली के सक्रिय होने के कारण इस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने भी संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।



## बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित

तेज हवा और हल्की बारिश के दौरान जिले के कई इलाकों में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को उमस भरी गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ रही है। पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने के साथ व्यापारिक गतिविधियों और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है।

## अगले कुछ दिनों तक मौसम रहेगा अस्थिर

मौसम विभाग के अनुसार जिले में आगामी दिनों में तेज हवा, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। अचानक मौसम बदलने से तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों ने खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली खंभों एवं कमजोर निर्माणों से दूर रहने की सलाह दी है। किसानों को भी मौसम को देखते हुए फसल एवं कृषि कार्यों में सतर्कता बरतने कहा गया है।

# समाधान शिविर में दिखी सुशासन की प्रतिबद्धता, विधायक भावना बोहरा ने किया समस्याओं का त्वरित निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य में सुशासन तिहार-2026 का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत 1 मई से 30 जून तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया है जहाँ जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं योजनाओं का लाभ त्वरित रूप से पहुँचाया जाएगा।

यह अभियान शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर आज पंडरिया नगर में सिशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विधायक भावना बोहरा ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुईं और उपस्थित अधिकारीयों को तत्काल उनके निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभवों और उन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन के बारे में जाना तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र व योजनाओं के तहत मिलने वाली सामग्रियों का वितरण कर विभागीय व स्वसहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से प्रशासन अब सीधे जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने, उसका निराकरण करने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूर्ण पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है।

यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच है, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लगातार सुशासन की स्थापना की दिशा में काम कर रही है। इस तिहार के माध्यम से सभी स्तरों पर जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

भाजपा सरकार का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन सेवा और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा समाधान शिविर इसी सोच का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। व्याप्त वोल्टेज के साथ बिजली पहुंच सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## डबल इंजन भाजपा सरकार विकास कार्यों को दे रही गति

भानवा बोहरा ने आगे कहा कि आज डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा में लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, आवास एवं अधोसंरचना निर्माण के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं जरूरतमंद परिवारों को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। आज पंडरिया विधानसभा में 1000 करोड़ से अधिक के विकास कार्य, 35 हजार पीएम आवास, 1 लाख 25 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 1000 की आर्थिक सहायता, 500 किलोमीटर से अधिक की बहुप्रतीक्षित सड़कों की सौगात, 300 करोड़ से अधिक की सिंचाई परियोजना, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण जैसे कई सौगात सुशासन की भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा को मिले हैं। वनांचल क्षेत्रों में भी विकास की गति लगातार तेज हो रही है, दूरस्थ क्षेत्रों तक सड़क, बिजली और पानी की आपूर्ति हो रही है, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में 3500 से अधिक पक्के आवास की स्वीकृति, 100 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण, विद्युत विहीन गाँव में बिजली और नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है, यही सुशासन की असली पहचान है।

# फिल्म मयारू भौजी के दो गीतों में गूंजेगी पायल की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कवर्धा की प्रतिभाशाली गायिका पायल राजपूत इन दिनों छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत में अपनी मधुर आवाज को लेकर लगातार चर्चा में हैं। अब उन्होंने सुंदरानी फिल्म प्रोडक्शन की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म मयारू भौजी 2 में अपनी सुरीली आवाज देकर एक नई उपलब्धि हासिल की है।

मोहन सुंदरानी प्रस्तुत इस फिल्म के गीतों में पायल राजपूत ने सुप्रसिद्ध गायक सुनील सोनी के साथ अपनी आवाज दी है। फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है, वहीं इसके गीत सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर दर्शकों का खूब प्यार बटोर रहे हैं। कवर्धा की बेटी पायल राजपूत बचपन से ही संगीत के क्षेत्र में विशेष रुचि रखती हैं। उन्होंने अनेक जिला स्तरीय गायन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्ष 2010 में वे इंडियन आइडल के इंदौर ऑडिशन में भी चयनित हुई थीं। लगातार मेहनत और संगीत के प्रति समर्पण के चलते आज वे छत्तीसगढ़ी एल्बम सॉन्ग्स एवं फिल्मों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

मयारू भौजी 2 में गीत गाना पायल राजपूत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों एवं उनके शुभचिंतकों में इसे लेकर विशेष उत्साह है।

# बीज निगम कर्मचारियों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब सीधे किसानों पर दिखाई देने लगा है। खरीफ सीजन की तैयारी के बीच राज्यभर की कई सहकारी समितियों में बीज वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ने लगी है।

जानकारी के अनुसार हर वर्ष अप्रैल माह से बीज भंडारण एवं वितरण का कार्य शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार कर्मचारियों की हड़ताल के कारण अब तक कई स्थानों पर भंडारण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसका असर यह हुआ कि सहकारी समितियों तक समय पर बीज नहीं पहुंच पाया। किसान लगातार समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि बीज निगम का अधिकांश कार्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भरोसे संचालित होता है। उनकी अनुपस्थिति में जिला कार्यालयों और गोदामों का कामकाज प्रभावित हो गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से बिना आदेश के श्रम सम्मान राशि बंद कर दी गई है। साथ ही मृत कर्मचारियों के परिवार को सहायता राशि देने की मांग भी की जा रही है। कर्मचारी 30 अप्रैल से आंदोलनरत हैं। इधर किसानों का कहना है कि समय पर बीज नहीं मिलने से खरीफ फसल की तैयारी प्रभावित हो रही है। किसानों ने शासन-प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है, ताकि कृषि कार्य समय पर शुरू हो सके।

### रजक समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य अभिनंदन

# शिक्षा, संगठन व स्वावलंबन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में छत्तीसगढ़ कन्नौज रजक समाज सेवा समिति बिलासपुर संभाग के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

वही समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय संत एवं स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत इकाई छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, नवनिर्वाचित संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक, संभागीय महासचिव सखाराम निर्मलकर एवं संभागीय कोषाध्यक्ष हरिशंकर उजागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। वही प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने समाज में शिक्षा, सेवा और संस्कृति के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता बताते हुए युवाओं को रोजगार एवं महिलाओं को स्वावलंबन से जोड़ने पर बल दिया।

वहीं संभागीय महासचिव सखाराम निर्मलकर ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाजन प्रसाद निर्मलकर, भुवनेश्वर निर्मलकर, शिव निर्मलकर, कुमार रजक, रामेश्वर निर्मलकर, नर्मदा प्रसाद निर्मलकर, द्वारका निर्मलकर, कुंज राम निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## संगठन को मजबूत बनाना आवश्यक

संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक ने अपने संबोधन में समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक जिला एवं परिक्षेत्र से सक्रिय पदाधिकारियों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने पंडरिया परिक्षेत्र के समाजजनों द्वारा संभागीय चुनाव में दिए गए सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया।

## एमएससी नर्सिंग परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है ये परीक्षा 14 मई को होगी अभ्यर्थी व्यापमं के वेबसाट vyapameg.cgstate.gov.in पर अपना पवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**आक्रोश: हादसे में चार साल का बेटा सुरक्षित, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम**

# ट्रक की चपेट में दंपती की मौत, सड़क किनारे गीली मिट्टी बनी मौत का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

कुण्डा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। सड़क निर्माण कार्य के दौरान फैली गीली मिट्टी के कारण मोटरसायकल फिसलने से पति-पत्नी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका चार वर्षीय मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और लोगों ने सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सारंगपुर निवासी कृष्णा आढिले और उनकी पत्नी किर्ति आढिले के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कृष्णा अपनी पत्नी और बेटे के साथ मोटर सायकल क्रमांक 09 जेसी-5643 से सारंगपुर स्थित ससुराल जा रहे थे।

इसी दौरान कुण्डा थाना क्षेत्र में सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 099-बी 0807 को क्रॉस करते समय बाइक सड़क किनारे पड़ी गीली मिट्टी में फिसल गई। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और पति-पत्नी ट्रक के पहिए के नीचे आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में चार वर्षीय मासूम दूर जाकर गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीणों ने ठेकेदार को मौके पर बुलाने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग को लेकर चक्काजाम किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### हादसे में 4 साल के बच्चे की बाल-बाल बची जान

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक दंपति किसी शादी समारोह में शामिल होकर घोरपेन्ड्री स्थित अपने ससुराल में रुके हुए थे। शुक्रवार सुबह अपने गृह ग्राम सारंगपुर लौटने के दौरान घोरपेन्ड्री से लगभग दो किलोमीटर दूर बासनी स्कूल के पास उनकी मोटर साइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कृष्णा हाडिले आयु 34 वर्ष और उनकी पत्नी कृतिका हाडिले आयु 30 वर्ष निवासी सारंगपुर की मौके पर मौत हो गई। वहीं उनका 4 वर्षीय पुत्र जगदीश सुरक्षित बच गया। लेकिन उसे मामूली चोटें आई है।



### निर्माण एजेंसी व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

इस हृदय विदारक घटना से आहत ग्रामीणों ने सड़क निर्माण एजेंसी और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण ठेकेदार के आने तक प्रदर्शन जारी रखने की बात पर अड़े रहे।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

इधर हादसे से नाराज ग्रामीणों ने घटनास्थल और कुण्डा थाना के पास चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। उनका कहना है कि सड़क के किनारे शोल्डर कटिंग में मुरुम की जगह मिट्टी का उपयोग किया गया है, जो बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गई है। इससे आए दिन मोटर सायकल सवार तथा दूसरे वाहन चालक और राहगीर फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 40 कन्याओं के कराए गए हाथ पीले

- विधायक भावना बोहरा ने नवविवाहितों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहगांव में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और नवदाम्पत्य जीवन की शुरुआत कर रहे 40 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रदेश सरकार की दूरदर्शी एवं संवेदनशील जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सम्मानजनक, सुरक्षित और गरिमामय जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से हजारों बेटियों के जीवन में विश्वास, सुरक्षा और सामाजिक सम्मान के साथ नए जीवन की सशक्त शुरुआत सुनिश्चित हो रही है। विधायक ने नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कृतियों का पवित्र मिलन होता है।

उन्होंने ईश्वर से सभी नवविवाहित दंपत्तियों के सुखी, समृद्ध एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की प्रार्थना की। सामूहिक विवाह समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया। समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़ों एवं उनके परिजनों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जिला एवं जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### दो परिवारों को मिली 12 लाख की आर्थिक मदद

**हरिभूमि/कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत अजय कुमार की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके मां श्रीमती प्रतिमा बाई गंधर्व को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है। ग्राम चिमरा निवासी राजेश साहू एवं उनके पुत्र नरेन्द्र साहू की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी/मां को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 04 लाख रूपए की दर से 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

**खबर संक्षेप**

### आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप

**कवर्धा।** जिले के ग्राम पंचायत अमनिया में पीएम जनमन आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पर मिलीभगत कर अपात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ पहुंचाने तथा वास्तविक पात्र हितग्राहियों को वंचित रखने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में योजना के नियमों की अनदेखी करते हुए एक ही परिवार के दो-दो सदस्यों के नाम पर आवास स्वीकृत कर राशि आहरित की गई है। जिस पर कार्यवाही जांच की मांग की गई है।

# आंधी-तूफान के बीच जाम पड़ी नालियों से बढ़ी परेशानी

- महीनों से नहीं हुई सफाई, स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

इन दिनों कवर्धा शहर सहित आसपास के अंचलों में बेमौसम बारिश और तेज आंधी-तूफान का दौर लगातार जारी है। मौसम के बदले मिजाज के बीच जहां लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं नगर की बदहाल सफाई व्यवस्था ने नागरिकों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

तेज आंधी के कारण बड़ी मात्रा में कूड़ा-करकट नालियों में जमा हो गया है, जिससे कई वार्डों की नालियां पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर पालिका द्वारा समय पर नालियों की साफ-सफाई नहीं कराए जाने के कारण नालियों का पानी रुक रहा है और क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। नगर के वार्ड क्रमांक 2 रामनगर स. लोहारा रोड स्थित डॉ. केके शर्मा क्लिनिक के आसपास की नालियों की स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां की नालियों की महीनों से सफाई नहीं कराई गई है, जिसके चलते पूरी नाली कचरे और गंदगी से पटी हुई है।

नालियों के जाम होने से गंदा पानी जमा हो रहा है और आसपास दुर्गंध फैलने लगी है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि वार्ड पार्षद द्वारा कुछ क्षेत्रों में नालियों की सफाई तो कराई जाती है, लेकिन मुख्य मार्ग की नालियों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे मुख्य सड़क किनारे रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए तत्काल नालियों की साफ-सफाई कराई जाए तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को गंदगी, जलभराव और मच्छरों की समस्या से राहत मिल सके।





# बैगा बच्चों से बंधुआ मजदूरी, परिषद ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

- 20 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर कलेक्टर कार्यालय घेराव की दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले में संरक्षित बैगा जनजाति के 13 बच्चों से कथित रूप से बंधुआ एवं बाल मजदूरी कराए जाने के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

परिषद के जिला अध्यक्ष कामू बैगा ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे घोर लापरवाही और संवेदनहीनता करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 20 दिनों के भीतर संगठन की तीन सूत्रीय मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो कलेक्टर कार्यालय का उग्र घेराव किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कामू बैगा ने जिलाधीश को सौंपे ज्ञापन में बताया कि बैगा समाज को राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र के रूप में विशेष संरक्षित जनजाति का दर्जा प्राप्त है।

इसके बावजूद जिले में 13 बैगा बच्चों को बंधुआ एवं बाल मजदूर बनाकर उनका शोषण किया गया, जो जिला एवं ब्लॉक स्तरीय सतर्कता समितियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस गंभीर मामले को लेकर संगठन द्वारा पूर्व में कई बार प्रशासन को आवेदन सौंपा गया, लेकिन अब तक न तो कोई प्रभावी जांच की गई और न ही संगठन को संतोषजनक जवाब मिला। प्रशासन की इसी उदासीनता के चलते संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। परिषद ने प्रशासन के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं।

इनमें पीड़ित बंधुआ मजदूरों को तत्काल राहत राशि प्रदान करना, ग्राम पंचायत स्तर पर बाहर काम के लिए ले जाए जाने वाले मजदूरों एवं ठेकेदारों का अनिवार्य पंजीयन सुनिश्चित करना तथा जिले में संचालित गुड़ उद्योगों की सघन जांच कर वहां कार्यरत बैगा परिवारों की सूची प्रतिवर्ष तैयार करना शामिल है।

कामू बैगा ने कहा कि संरक्षित बैगा समाज के बच्चों के साथ हो रहा अन्याय किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# बैठक संपन्न, रामकुमार श्रीवास बने कार्यवाह अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

देशहा श्रीवास समाज जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ की आवश्यक बैठक गत दिनो नर्मदा धाम झिरना पिपरिया में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष राजाराम श्रीवास ने अपना कार्यकाल पूर्ण होने की घोषणा की।



समाज के संगठनात्मक कार्यों की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए समाज की सहमति से देहानडीह निवासी रामकुमार श्रीवास को देशहा श्रीवास समाज जिला कबीरधाम का कार्यवाह अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कार्यवाह अध्यक्ष रामकुमार श्रीवास आगामी एक माह के भीतर समाज की बैठक आहूत करेंगे तथा समाज प्रमुखों, पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं के समक्ष बहुमत प्रस्तुत कर पूर्णकालिक जिलाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

इस अवसर पर उपस्थित समाज प्रमुखों एवं सदस्यों ने नव नियुक्त कार्यवाह अध्यक्ष रामकुमार श्रीवास का माला एवं गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में समाज को नई दिशा मिलेगी तथा वे ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# संगठन को सशक्त बनाने भाजपा मंडल दुल्लापुर की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान एवं जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के कुशल मार्ग निर्देशन में भाजपा मंडल दुल्लापुर की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक कल सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

मंडल प्रभारी कल्याण सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुँचाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने पर बल दिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को धरातल पर और अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाना रहा।



इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से कल्याण सिंह ठाकुर मंडल प्रभारी के अलावा फलित राम साहू मंडल अध्यक्ष, राजकुमार यादव वरिष्ठ नेता एवं सोसाइटी अध्यक्ष, दुल्लापुर, रोहित भास्कर एवं सुखदेव धुर्वे पूर्व मंडल अध्यक्ष, संतोष साहू, विकास तिवारी, भानसिंह पंदराम एवं श्रीमती ममता धुर्वे मंडल उपाध्यक्ष, स्वतंत्र तिवारी महामंत्री सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

बैठक के अंत में उपस्थित सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। सभी ने आगामी कार्यक्रमों को भव्य रूप से सफल बनाने और पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में हेमलता ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजई

सीबीएसई कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में ग्राम रवेली की छात्रा हेमलता साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है।



होली क्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा हेमलता ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करते हुए कुल 92.66 प्रतिशत अंक हासिल किए और अपनी कक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया। हेमलता की इस उल्लेखनीय सफलता पर परिवार, स्कूल प्रबंधन एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने फोन पर बातचीत कर उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

हेमलता साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित मेहनत को दिया है। उसने बताया कि वह आगे भी गणित विषय के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती है तथा भविष्य में संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की तैयारी कर देश सेवा करना चाहती है।

विद्यालय परिवार ने हेमलता की इस उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। हेमलता की इस उपलब्धि से क्षेत्र के ग्रामीणों में भी हर्ष व्याप्त है।

**चार दिनों से पानी के लिए तरस रहे नगर पंचायत बोड़ला के वार्डवासी**

# नाली निर्माण में लापरवाही, पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले के नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 10 में नाली निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है।

जेसीबी मशीन से खुदाई के दौरान घरों की पानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई, जिससे वार्ड के कई घरों में पिछले चार दिनों से पेयजल आपूर्ति बंद है। पानी नहीं मिलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाली निर्माण कार्य के दौरान बिना सावधानी बरते पाइप लाइन को उखाड़कर तोड़फोड़ कर दिया गया।

इससे कई घरों का नल कनेक्शन बंद हो गया और लोगों को इस भीषण गर्मी के दौर में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इस बेहद गंभीर समस्या को लेकर वार्डवासियों में ठेकेदार के खिलाफ भारी आक्रोश है। वार्ड निवासी शोभा चावला ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या गंभीर हो गई है। पिछले चार दिनों से लोग पानी के लिए परेशान हैं।

वहीं जीवन यादव ने बताया कि ठेकेदार को लगातार फोन के माध्यम से पाइप लाइन टूटने की जानकारी दी गई, लेकिन हर बार आज-कल कहकर काम टाल दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन-चार घरों में पानी की भारी समस्या बनी हुई है।



### जल्द पाईप लाईन दुरूस्त करने दिया गया भरोसा

इस संबंध में ठेकेदार सौरभ शांडिल्य ने कहा कि पाइप लाइन सुधार के लिए प्लंबर को बुलाया गया है और जल्द ही कनेक्शन जोड़कर पानी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने सामान की कमी के कारण कार्य में देरी होने की बात कही। वहीं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव प्रधान ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल प्लंबर भेजकर पाइप लाइन सुधारने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल्द पेयजल व्यवस्था बहाल की जा सके।

# कबीरधाम जिले के युवाओं को मिलेगा निःशुल्क मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अग्निवीर (भारतीय थलसेना) भर्ती 2026-27 हेतु कबीरधाम जिले से 339 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा की तैयारी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा युवाओं के लिए 04 मई से ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जून 2026 में आयोजित होने वाली ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) में अधिक से अधिक अभ्यर्थियों के चयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से संचालित होगा, जिससे जिले के युवा भी लाभान्वित हो सकेंगे। प्रशिक्षण कार्य के लिए विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को दायित्व सौंपा गया है।